आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 26.08.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- देशभर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है।
- जनमाष्टमी के अवसर पर राज्य के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा–– जी.ई.एम, यू.पी.आई और यू.एल.आई भारत के डिजिटल भुगतान में एक क्रांतिकारी कदम है।
- राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल कल से पांच सितंबर तक खोला जाएगा।
- बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग नन्द्रप्रयाग के समीप आवाजाही के लिए अवरूद्ध।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी

आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में यह पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि खुशी का यह त्योहार हमें भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने सभी से भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को अपनाने और देश की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने का संकल्प लेने का भी अनुरोध किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार धर्म के शाश्वत मूल्यों, बुराई पर अच्छाई की जीत, सत्य और करूणा पर आधारित जीवन के महत्व को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव–2024 के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि जनमाष्टमी का पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

जनमाष्टमी–प्रदेश

प्रदेशभर में आज जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जा रही है। बागेश्वर में आज श्री कृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर सुबह से ही द्वारकाधीश मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ है। नगर के दुग बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव, आरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के लोगों ने यहां आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। उधर, लक्ष्मी आश्रम कौसानी में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर मंचन किया गया।

उधर, हरिद्वार में जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिले के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। कनखल स्थित राधा कृष्ण मंदिर अति प्राचीन मंदिर है यहां दूर–दूर से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। इसके अलावा बड़ा अखाड़ा, उदासीन में भी परंपरागत

रूप से जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से बनाई जाती है जहां  हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं।

## आर.बी.आई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जी.ई.एम, यू.पी.आई और यू.एल.आई की नई तिकडी भारत के डिजिटल भुगतान में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस–यूएलआई प्लेटफॉर्म भारत में ऋण प्रक्रिया को सरल बनाएगा। श्री दास बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने पर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में बोल रहे थे।

यूएलआई को पिछले वर्ष प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि इसे जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा।

## साइबर ठगी

उत्तराखंड एसटीएफ की साइबर क्राइम पुलिस ने दिल्ली से साइबर धोखाधड़ी के मास्टर माइंड समेत तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह के सदस्य हैं। इनके संपर्क दुबई, चीन और पाकिस्तान से जुड़े हैं। आरोपियों ने देश के विभिन्न राज्यों में कई लोगों के साथ ठगी की है। विदेशों में बैठे साइबर ठगों की मदद से बाइनेंस एप, ट्रस्ट वैलेट के माध्यम से यूएसडीटी क्रिप्टो करेंसी खातों में धनराशि का लेनदेन प्रकाश में आया है।

## फर्जी लिंक

केंद्र सरकार ने वित्त मंत्रालय से 46 हजार से अधिक रूपये की वित्तीय सहायता देने की दावेदारी करने वाले लिंक को फर्जी बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की फैक्ट चेक इकाई ने फर्जी समाचार का भंडाफोड़ किया है। संदेश प्राप्त करने वालों गुमराह कर एक फर्जी लिंक के जरिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने को कहा गया।

## समर्थ पोर्टल

राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने से वंचित रह गये छात्रों को प्रवेश के लिए आखिरी मौका दिया जायेगा। कल से 5 सितम्बर तक समर्थ पोर्टल पुनः खोला जाएगा, ताकि प्रवेश से वंचित छात्र ऑनलाइन पंजीकरण करा सकें। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश से किसी भी युवा को वंचित नहीं रखा जायेगा। उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद, सीबीएसई और अन्य बोर्डों की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में फिर से प्रवेश ले सकेंगे।

## मौसम

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन से बाधित सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

इस बीच, बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग चमोली जिले में नन्द्रप्रयाग के समीप अभी भी आवाजाही के लिए अवरूद्ध है, जिसे खोलने के प्रयास जारी हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महीने के आखिरी दिनों में बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बरसात के मौसम के दौरान काफी कमी आई है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क मार्गों के बाधित होने को चारधाम यात्रा की रफ्तार धीमी पड़ने का मुख्य कारण माना जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि मौसम साफ होने के बाद यात्रा फिर से रफ्तार पकड़ेगी। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 32 लाख 85 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र धामों के दर्शन किये हैं।

गौरतलब है कि हर साल बरसात के सीजन में चारधाम यात्रा की रफ्तार में कमी देखी जाती है। हालांकि बरसात के समाप्त होते ही मौसम साफ होने के साथ ही यात्रा फिर से रफ्तार पकड़ती है और शीतकाल के लिए चारों धामों के कपाट बंद होने तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु धामों में दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

## घोड़ा–खच्चर आवाजाही

रूद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग से 20 से अधिक घोड़ा–खच्चरों से आज राशन व अन्य जरूरी सामग्री केदारनाथ धाम तक पहुंचाई गई है। आज गौरीकुंड से घोड़ा–खच्चरों के जरिए राशन और सब्जी सहित अन्य जरूरी सामग्री केदारनाथ भेजी गई। सुबह 5 बजे रवाना हुए घोड़ा–खच्चर दोपहर तक धाम पहुंच गए थे। पैदल मार्ग पर घोड़ा–खच्चरों का संचालन शुरू होने के बाद अब, जल्द ही पैदल यात्रा शुरू करने की तैयारी है। गौरतलब है कि 31 जुलाई को केदारनाथ पैदल मार्ग पर अतिवृष्टि के बाद से गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए घोड़ा–खच्चरों का संचालन बंद पड़ा हुआ था।

## कुमाऊं महोत्सव

अल्मोड़ा में बुधवार से कुमाऊं महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पांच सितम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य संस्कृति का संरक्षण और आम जनता तक सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। श्रीराम सेवा समिति के आयोजक राजेंद्र तिवारी ने मीडिया को बताया कि कुमाऊं महोत्सव सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर में होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में खेल और संस्कृतिक गतिविधियों को महत्त्व दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का भी मंच के माध्यम से प्रस्तुतिकरण होगा।

## पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे नेत्र दान के महत्व विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के नेत्र विज्ञान विभाग की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखा जैन से हमारे स्टूडियो में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान श्रोता विषय से संबंधित प्रश्न विशेषज्ञ से पूछ सकते हैं।